## एक नजर में

### मिट्टी की प्रतिमा से पर्यावरण संरक्षण...



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** माता चौक क्षेत्र में विगत कई वर्षों से मिट्टी से श्री गणेश और श्री दुर्गा जी की आकर्षक एवं मनमोहक प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे कोलकाता के प्रसिद्ध कलाकार एवं मूर्तिकार चीना पाल का आज महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने आत्मीय स्वागत, अभिवादन एवं सम्मान किया।इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव ने चीना पाल द्वारा निर्मित की जा रही आकर्षक मिट्टी की प्रतिमाओं की कलाकारी का अवलोकन किया तथा उनकी कला, मेहनत, लगन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण की सराहना की। महापौर ने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाओं का निर्माण हमारी आस्था एवं परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सराहनीय पहल है। प्राकृतिक मिट्टी से निर्मित प्रतिमाएं पर्यावरण हितैषी होती हैं और स्वच्छता एवं प्रकृति संरक्षण का सकारात्मक संदेश देती हैं।श्री चीना पाल विगत कई वर्षों से खंडवा में मिट्टी की प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे हैं। उनकी कला में आस्था, संस्कृति, परंपरा और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर समन्वय दिखाई देता है। महापौर ने उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए नागरिकों से भी पर्यावरण हितैषी मिट्टी की प्रतिमाओं को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, स्नेहा पाराशर, जिला मंत्री रोशनी गोलकर, प्रदेश मीडिया संयोजक हर्षा ठाकुर, पार्षद ओमप्रकाश सिलावट, सुभाष सैनी, श्री टीटू गौर, विजय पवार, आकाश यादव, शशांक गुप्ता और अभिषेक यादव उपस्थित रहे।

### हज यात्रियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



नवभारत न्यूज

**खंडवा** जिला चिकित्सालय खंडवा में जिला हज कमेटी के सहयोग से हज यात्रा-2027 पर जाने वाले हाजियों के लिए सोमवार को स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया द्य सिविल सर्जन डॉक्टर अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि हज यात्रा के लिए खंडवा जिले से जाने वाले 151 हाजियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सोमवार को शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में आर.एम.ओ. डॉ कलमें, डॉ रंजीत बडोले, डॉ नितिन कपूर, डॉ. तमय मिश्रा एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा सभी हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी हज यात्रियों को हाजी यात्रा के संबंध में स्वास्थ्य विभाग संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया द्य इस कार्यक्रम में शहर काजी सैय्यद निसार अली और हज कमेटी अध्यक्ष श्री अयाज खान भी उपस्थित थे।

# चांदी की पालकी में निकले ओंकार महाराज, ओंकार पर्वत का किया भ्रमण

## 51 ढोल-नगाड़ों के साथ हजारों भक्त हुए शामिल, संगम पर किया पंचामृत महाभिषेक, जगह-जगह गुलाल-गुलाब की वर्षा

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर। (जयप्रकाश पुरोहित)** ज्योतिर्लिंग ओंकार जी महाराज सोमवार दोपहर 2 बजे मंदिर से चांदी की पालकी में सवार होकर ओंकार पर्वत की परिक्रमा के भ्रमण के लिए निकले। 51 ढोल के साथ हजारों भक्त नाचते-गाते और भोले शंभू-भोलेनाथ का उद्घोष करते हुए चल रहे थे।मंदिर से पालकी शंकराचार्य चौक होकर कोटी तीर्थ घाट पहुंची, जहां संक्षिप्त पूजा-आरती की गई। उसके पश्चात पालकी पुराने मार्केट से होकर संगम घाट पर पहुंची।

पूरे मार्केट को सजाया गया था। राम मंदिर के सामने चक्र तीर्थ भक्त



मंडल द्वारा महा आरती की गई। संगम घाट तक पूरे मार्ग में गुलाल और गुलाब की बौछार होती रही।

संगम घाट पर विद्वान पंडित राजेश्वर दीक्षित के नेतृत्व में विद्वान पंडितों द्वारा नर्मदा और कावेरी के पवित्र संगम के मध्य ज्योतिर्लिंग ओंकार जी महाराज की पंचमुखी



प्रतिमा का महा अभिषेक पूजन संपन्न कराया गया। दूध, दही, शहद, घी, शक्कर पंचामृत से स्नान कराया गया और नर्मदा-कावेरी के पवित्र जल से भी स्नान कराया गया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक दृष्टि राव पुष्पेंद्र सिंह जी और साधु-संत उपस्थित थे।

संगम घाट से पालकी ऋण मुक्तेश्वर महादेव, राधा कृष्ण मंदिर होते हुए गौरी सोमनाथ पहुंची। गौरी सोमनाथ से शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची मूर्ति के समीप से होते हुए सीता रसोई, चांद सूरज गेट और सिद्धनाथ महादेव मंदिर के सामने से होकर भेरूघाट पुल से होते हुए रात्रि 10.00 बजे वापस मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचकर ओंकार जी महाराज की महा आरती की गई।पूरे परिक्रमा मार्ग में साधु-संतों के आश्रमों एवं भक्तगणों द्वारा फलाहारी प्रसाद, फल और पेय पदार्थों का वितरण किया गया। इस अवसर पर इंद्र देवता ने भी बारिश कर ओंकार जी महाराज का स्वागत किया। हजारों ने जयकारे लगाए।

# इंदिरा चौक के पास होगा वीर दुर्गादास राठौर की पहली प्रतिमा का अनावरण

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** राठौर सकल पंच समाज एक नया इतिहास रचने जा रहा है। समाज के निर्माण में यह पहली बार होने जा रहा है जब वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौर की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। राठौर सकल पंच ट्रस्ट खंडवा के अध्यक्ष दीपक मूलचंद जी राठौर (दीपू राठौर) के नेतृत्व में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को आवेदन देकर सांसद निधि से सहयोग की मांग की गई।

जिला मीडिया प्रभारी और ट्रस्टी अमित राठौर ने बताया कि इस प्रतिमा की स्थापना एशियन कॉलेज के सामने, इंदिरा चौक के पास स्थित बगीचे में की जाएगी, जिसके लिए



महापौर ने पहले ही सहमति दे दी है और विधायक ने 1 लाख रुपये देने की घोषणा की है। यह खंडवा के राठौर समाज की एक नई पहल है।

**कौन थे वीर दुर्गादास राठौर?**-मारवाड़ के महान राठौर योद्धा वीर दुर्गादास जी ने औरंगजेब के शासनकाल में मारवाड़ की रक्षा की और अजीत सिंह को राजगद्दी दिलाई। उनके अदम्य साहस के कारण उन्हें मारवाड़ का उद्धारक कहा जाता है।

**समाज के वरिष्ठ, युवा और बच्चों ने दिखाई एकजुटता**-इस ऐतिहासिक अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों से लेकर युवा और बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। सभी ने बढ़-चढ़कर सहयोग करने का संकल्प लिया। ट्रस्ट अध्यक्ष दीपक मूलचंद जी राठौर, सचिव महेश कुमार माणकचंद राठौर, कोषाध्यक्ष दीपेन्द्र मनोहरलाल राठौर, मनोहरलाल राजाराम राठौर, रमेशचंद छाजूलाल राठौर, सुरेश कुमार छाजूलाल राठौर, बद्रीचंद छाजूलाल जी राठौर, सुभाष नंदूलाल जी राठौर, अशोक कुमार लखनलाल जी राठौर, प्रमोद कुमार कालूराम जी राठौर, संदीप गन्नूलाल राठौर, राहुल भगवानदास जी राठौर, जिला मीडिया प्रभारी और ट्रस्टी अमित माखनलाल राठौर, विजय रामचंद राठौर और बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## एंजेल्स प्लेनेट स्कूल एडवांस कैंपस में दिखे कबड्डी के दांव-पेंच

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर के प्रतिष्ठित एंजेल्स प्लेनेट स्कूल, एडवांस कैंपस में सोमवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कबड्डी के दांव-पेंच और खिलाड़ियों के जोश से पूरा एडवांस कैंपस गूंज उठा।

प्रतियोगिता में जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 355 खिलाड़ियों ने सहभागिता कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के उत्साह और उमंग ने पूरे परिसर को खेलमय बना दिया। मुख्य रूप से खेल अधिकारी शैलेंद्र चौहान, संध्या मौर्य, अलका शर्मा, आरती शर्मा व भूपेंद्र यादव उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का




उत्साहवर्धन कर खेलों के महत्व और जीवन में अनुशासन पर प्रकाश डाला। एंजेल्स प्लेनेट स्कूल के डायरेक्टर्स रितेश गोयल व प्रमोद पुरी ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। एंजेल्स प्लेनेट स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों को बढ़ावा देता रहा है।

## 8 बसों के चालान बनाकर वसूले 4 हजार




**ओंकारेश्वर।** ओंकारेश्वर में यातायात को व्यवस्थित करने और बस स्टैंड पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस खंडवा द्वारा अब प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

सोमवार को यातायात निरीक्षक धरम सिंह जामोद, एएसआई रामलाल सेलवाने, प्रधान आरक्षक तुकाराम मीणा, प्रधान आरक्षक प्रकाश चौहान और टीम द्वारा नए बस स्टैंड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान 8 बसों पर चालानी कार्रवाई कर 4000 रुपये समन शुल्क वसूला गया। कागजात पूरे नहीं होने पर एक बस को थाने पर खड़ा कर कड़ी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को वर्दी पहनने की समझाइश भी दी और कहा कि बिना वर्दी वाहन चलाने पर 500 रुपये का जुर्माना किया जाएगा।

# सीएम राइज स्कूल आनंद नगर में लगी मिट्टी के गणेश प्रतिमा बनाने की कार्यशाला

## लगभग 60 विद्यार्थियों ने लिया प्रशिक्षण, प्रतिमाओं में डाले गए तुलसी के बीज

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** आगामी गणेश उत्सव को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा सीएम राइज स्कूल आनंद नगर में मिट्टी से गणपति प्रतिमा निर्माण संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर मिट्टी से गणपति प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल मिट्टी की गणपति प्रतिमा तैयार करने की विधि बताई गई।

विशेष रूप से तैयार की गई प्रतिमाओं में तुलसी के बीज भी डाले गए, ताकि गणेश उत्सव के पश्चात प्रतिमा के विसर्जन से पर्यावरण को नुकसान न हो तथा मिट्टी के साथ




तुलसी के पौधे का भी विकास हो सके।यह प्रशिक्षण प्रशिक्षक रूपाली वाघ एवं नवीन परदेशी तथा आईईसी, नगर पालिक निगम खंडवा की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें मिट्टी से मूर्ति निर्माण एवं क्ले मॉडलिंग कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना रहा।प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजय शुक्ला एवं जोन प्रभारी श्री भुवन श्रीमाली ने बताया कि आगामी गणेश उत्सव को पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समाजसेवी संस्थाओं एवं विद्यालयों के सहयोग से निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इन प्रयासों से बच्चों एवं नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के साथ ही उनमें क्ले मॉडलिंग जैसी रचनात्मक कला के प्रति रुचि एवं कौशल का विकास होगा। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई है कि आगामी गणेश उत्सव में मिट्टी से निर्मित पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाओं को प्राथमिकता देकर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें।

# खरगोन

## एक नजर में

### सोनी बने डाल्या स्वर्णकार समाज प्रदेश अध्यक्ष




**खरगोन।** अखिल भारतीय डाल्या स्वर्णकार समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक तिलक पथ स्थित समाज धर्मशाला में आहुत की गई। बैठक में नवीन प्रदेश कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। निवाली के त्रिलोकचंद्र सोनी को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। संरक्षक अरुण सोनी खंडवा, कैशव सोनी भीकनगांव, बाबूलाल सोनी पलसूद, महेश सोनी सेंधवा, संतोष सोनी पाटी, राधेश्याम सोनी सनावद, रमेश सोनी खरगोन, चेतन सोनी कुक्षी एवं भागीरथ सोनी सेगांव होंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष सुबोध सोनी सेंधवा, संतोष सोनी इंदौर, संगीता सोनी इंदौर, अशोक सोनी बेडिया, कृष्णकांत सोनी वंझर, देवेश सोनी खंडवा, नटवर सोनी सिलावद चुने गए। महामंत्री किरण कुमार सोनी सेंधवा, शैलेन्द्र सोनी धनोरा, कोषाध्यक्ष विनय सोनी ओझर होंगे। उप कोषाध्यक्ष राधेश्याम सोनी खेगांव बनाए गए। प्रदेश सचिव भागीरथ सोनी भीकनगांव, सत्यनारायण सोनी सेंधवा, राजेन्द्र सोनी बड़वानी, शैलेन्द्र सोनी डही, राजेन्द्र सोनी पीथमपुर, राधेश्याम सोनी इंदौर चुने गए। संगठन मंत्री दिलीप सोनी सेंधवा। मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी खरगोन, हर्षद सोनी ओझर होंगे। महिला प्रकोष्ठ संरक्षक राजनन्दा राजेन्द्र सोनी खरगोन, ज्योति राधेश्याम सोनी खैगांव, प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता सोनी इंदौर चुने गए। मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने बताया कि संगठन समाज को एकजुट करने, शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। यह सदस्यों के बीच सहयोग और समन्वय स्थापित कर उनके हितों की रक्षा करने का प्रयास करेगा। समाजजनों ने नई कार्यकारिणी गठन पर खुशी जताते हुए कहा कि यह कार्यकारिणी समाजहित में कार्य करेगी।

### विद्युत ट्रांसफार्मर ऑयल चोर गिरोह का पर्दाफाश

**खरगोन।** पुलिस ने विद्युत ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करने वाले एक बड़े अंतरजिला चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वारदात में शामिल दो अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। आरोपियों के कब्जे से 4 लाख रुपए मूल्य का आईल और दो फोर व्हीलर जब्त की गई है। आरोपियों में एक चोरी का आईल खरीददार भी शामिल है।

# अवैध हथियार बनाने वाला फरार आरोपी रमेश सिकलीगर गिरफ्तार

**भीकनगांव।** अवैध हथियारों के निर्माण एवं तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खरगोन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी रमेश सिकलीगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी अवैध देसी पिस्टल बनाने और बेचने का काम करता था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 10 देसी पिस्टल बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 2.50 लाख रुपए बताई गई है। साथ ही अवैध हथियार बनाने में उपयोग होने वाली सामग्री भी जब्त की गई।

पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में फरार



आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिट्टू सहगल के मार्गदर्शन में भीकनगांव एसडीओपी केतन अडलक के निर्देशन में बिस्टान, भीकनगांव, गोगावां एवं सनावद थानों की पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस के मुताबिक 31 अगस्त 2025 को थाना बिस्टान पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करते हुए राजस्थान के जालमचंद और जोधपुर निवासी रामसिंह को 2 देसी पिस्टल एवं 4 देसी कट्टों के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में थाना बिस्टान में अपराध क्रमांक 190/2025, धारा 25(1) आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।

पुलिस को जानकारी मिली कि जब्त अवैध हथियारों को ग्राम सिगनूर निवासी रमेश सिकलीगर ने बनाकर आरोपियों को उपलब्ध कराया था। इसके बाद से रमेश पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। पुलिस टीम द्वारा लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। आरोपी की निशानदेही पर ग्राम सिगनूर में नहर के पास छिपाकर रखी गई 10 देसी पिस्टल बरामद की गईं। पुलिस ने हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी जब्त की है।

# अवैध मदिरा विनिर्माण के संदिग्ध ठिकानों पर आबकारी विभाग की दबिश

मंडलेश्वर। अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग के संयुक्त दल ने सोमवार, 7 सितंबर को वृत्त महेश्वर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कार्रवाई की। आबकारी नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में ग्राम बुड़कीपुरा, केरियाखेड़ी, जलकोटी नर्सरी, बंडापुरा एवं आशापुर में अवैध मदिरा विनिर्माण के संदिग्ध स्थलों पर दबिश दी गई।

वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक देवराज नगीना के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, च के तहत 7 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान 20 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 4100 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया गया। महुआ लहान के नमूने लेने के बाद शेष लहान को मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी विभाग के अनुसार जब्त अवैध मदिरा एवं सामग्री का अनुमानित कुल मूल्य 4 लाख 18 हजार रुपये है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सार्थक वर्मा, तृप्ति आर्य, दिलीप मालवीय तथा मुख्य आरक्षक शिवनारायण कटारे, रंजीत वर्मा, आरक्षक रमेश मोरे, संतोष वर्मा एवं अमनसिंह चौहान शामिल रहे।

आबकारी विभाग ने कहा कि अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# भीलट देव मंदिर में दानपेटी तोड़कर चोरी

**भीकनगांव।** भातलपुरा बंझर स्थित भीलट देव मंदिर में बीती रात अज्ञात व्यक्तियों ने दानपेटी तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंदिर समिति ने पुलिस प्रशासन को शिकायत की। मामले की सूचना भीकनगांव थाने में भी दी गई, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया और आगे की कार्रवाई शुरू की।

जानकारी के अनुसार मंदिर में प्रतिदिन सुबह से शाम तक सेवा देने वाले भातलपुरा निवासी रेवाराम पिता हीरा शाम करीब 6 बजे मंदिर का दरवाजा लगाकर घर चले गए थे। इसके बाद अज्ञात लोगों ने मंदिर में रखी दानपेटी के नकुचे तोड़कर चोरी की, जबकि स्टील के ऊपर वाले दानपात्र को सरिये से फाड़कर उसमें से भी राशि निकाल ली। बताया गया कि नागपंचमी के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा दानपात्र से राशि एकत्रित कर ली गई थी, इसलिए इस बार दानपात्र में कितनी राशि थी, इसका स्पष्ट आंकड़ा सामने नहीं आया है। मंदिर के मुख्य द्वार पर ताला नहीं लगता है, जिससे मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग उठ रही है। मंदिर में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी मंदिर से घंटियां चोरी हो चुकी हैं, जिसकी सूचना छेगांव माखन थाने में दी गई थी। बाद में घंटियों को एकत्रित कर लिया गया था।

वर्तमान घटना की सूचना भीकनगांव पुलिस को दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर घटना से संबंधित जानकारी जुटाई। पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।


**बहु. प्राथ. कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या. (बी- पैक्स) खिडगांव- पं.क्र.726**

क्रमांक / साधारण सभा / 26 / क्यू. / 1 — वार्षिक साधारण सभा सूचना — दिनांक -03/09/2026

महानुभाव,
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित, खिडगांव के अंशधारी सदस्यों की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 17/09/2026, दिन गुरुवार को दोप. 12.30 बजे, स्थान- संस्था कार्यालय में आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। अंशधारी सदस्यो से निवेदन है कि वार्षिक आमसभा में निर्धारित समय पर पधारें। समयावधि में गणपूर्ति न होने पर बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात दोप.1.00 बजे आयोजित कि जायेगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

भारत मालाकार, समिति प्रबंधक — ए. के. कनोजिया, प्रशासक

**बहु. प्राथ. कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या. (बी- पैक्स)-बलवाड़ा -पं.क्र.435**

क्रमांक / साधारण सभा / 26 / क्यू. / 1 — वार्षिक साधारण सभा सूचना — दिनांक -02/09/2026

महानुभाव,
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित, बलवाड़ा के अंशधारी सदस्यों की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 16/09/2026, दिन बुधवार को दोप. 12.30 बजे, स्थान-संस्था कार्यालय में आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। अंशधारी सदस्यो से निवेदन है कि वार्षिक आमसभा में निर्धारित समय पर पधारें। समयावधि में गणपूर्ति न होने पर बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात दोप. 1.00 बजे आयोजित कि जायेगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

कैलाशचन्द्र मालवीया, समिति प्रबंधक — ए. के. कनोजिया, प्रशासक

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी साख सोसायटी मर्यादित आवल्या- प.क्र. 418**

दिनांक 02.09.2026

सम्मानीय,
समिति के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सेवा सहकारी समिति मर्या. आवल्या की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 19.9.2026 दिन शनिवार को दोप. 11.00 बजे संस्था कार्यालय आवल्या में निम्नलिखित विषयों पर विचार कर निर्णय हेतु आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। निर्धारित समय पर गणपूर्ति नहीं होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जावेगा। स्थगित सम्मेलन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात किया जावेगा। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

(आदेशानुसार प्रशासक)
पुष्पेंद्रसिह चौहान, संस्था प्रबंधक — ललन ईवने, प्रशासक

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गाधवा पंजीयन -क्रमांक 642**

क्रमांक / साधारण सभा /26/1 — वार्षिक साधारण सभा सूचना — दिनांक 01-09-2026

महानुभाव.
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गाधवा (पंजी.क्र. 642) के अंशधारी सदस्यों की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 15.09.2026 दिन मंगलवार को समय-दोप 1.00 बजे स्थान संस्था कार्यालय प्रागंण में आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।
अंशधारी सदस्यों से निवेदन है कि वार्षिक आमसमा में निर्धारित समय पर पधारे।
समयावधि में गणपूर्ति न होने पर बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात 1.30 बजे आयोजित की जायेगी।
जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी। आपकी उपस्थिति बैठक में सादर प्रार्थनीय है।

श्री कृष्णपाल सिंह चौहान, समिति प्रबंधक — श्री अनिल कनोजिया, प्रशासक